## ब्रीफ खबरें

### चंचल भाटिया ने 14वीं बार किया प्लेटलेट्स दान

**जमशेदपुर** । समाजसेवी चंचल भाटिया ने जमशेदपुर ब्लड बैंक में 14वीं बार प्लेटलेट दान किया. वे ब्लड बैंक बुलावे पर प्लेटलेट दान करने पहुंचे. ब्लड बैंक के डॉ संजय चौधरी ने चंचल भाटिया का आभार जताया कि वे लगातार जरूरतमंद मरीजों के लिये प्लेटलेट्स एवं रक्तदान करते रहते हैं. वहीं भाजपा सिख नेता सतवीर सिंह सोमू ने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण इन दिनों डेंगू एवं मलेरिया का प्रकोप बढ़ा हुआ है. जिसके कारण मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत हो रही है. मौके पर इंद्रजीत सिंह इंदर, डॉ मनोज महतो, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के अरिजीत सरकार, हरभजन सिंह, आकाश सिंह, कुमारेश आदि उपस्थित थे.

### उप मुखिया के पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**घाटशिला** । धालभूमगढ़ प्रखंड के रघुनाथडीह गांव के मांझी टोला में 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण 10 दिन से अंधेरा में थे. इसकी सूचना मिलने पर उप मुखिया सुजन कुमार मन्ना को दिया तो उन्होंने कागजी प्रक्रिया पूरी करके विभागीय पदाधिकारी को 25 केवी के जगह 63 केवी ट्रांसफार्मर लगाने को कहा. विभागीय पदाधिकारी ने तुरंत उसे बदलकर 63 केबी का ट्रांसफार्मर शनिवार को लगवा दिया. अब ग्रामीणों को पहले की तरह बिजली मिलने लगी है. मौके पर मनकुमार सिंह, प्रशांत महतो, साहब पूर्ति, संदीप मुंडा, रमेश मुंडा , अजीत मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, राजेश मुंडा समेत ग्रामीण उपस्थित थे.

### सत्य नारायण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**आदित्यपुर** ।सत्यनारायण सिंह 'जनवादी' की तृतीय पुण्यतिथि पर आज आदित्यपुर- 2 स्थित उनके आवास एवं पटना जिला स्थित लई गांव में पूजा- हवन आयोजित किया गया. लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. आदित्यपुर स्थित आवास पर आयोजित पूजा में उपस्थित लोगों ने बताया कि आपातकाल के दौरान 1975-76 में सत्यनारायण सिंह ने अपने अन्य पांच साथियों के साथ 10 दिनों की जेल यात्रा भी की थी. सत्य नारायण सिंह शहीद राम छवि सिंह के टीम के सक्रिय सदस्य थे. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अशोक कुमार, पुरेंद्र नारायण सिंह, पंकज कुमार सिंह, सुरेश धारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

**AFFIDAVIT**

I, **Abhishek Kumar Suman** (Aadhar No. 3568 1031 2531), Son of Uma Kant Poddar, resident of at Karandih, Near Gramin Bank, P.O.-Karandih, PS.-Parsudih, Jamshedpur, Dist-East Singhbhum, Jharkhand-831002, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That my daughter's actual and correct name is Jaishree Suman, which is recorded in Aadhar Card No. 7550 4567 2997 and also recorded in the School register.
2. That her mother i.e my wife Sushma Rani (Aadhar No. 5646 0125 3168) opened a Saving Account bearing A/C No. 201700035 under scheme SSA of Department of Posts, India Ghatsila in the name of my daughter as Soumiya Kumari.
3. That **Jaishree Suman** and **Sumiya Kumari** are the same and one person i.e my daughter.
4.That I want to get my daughter's name corrected in the said saving A/C as **Jaishree Suman** at the place of **Soumiya Kumari.**
5. That if my information furnished by me in this affidavit is found incorrect then I shall be responsible for it. Hence this affidavit.

Identified by
Sri
Advocate, Jsr.
**Enroll No. - 5572/99**

**Note : Any Objection may submitted withing in 15th Day. to offfice of SDO (Dhalbhum) Jamshedpur**

त्योहारों को देखते हुए आदित्यपुर में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शुरू की मिलावट की जांच

# सुधा डेयरी व मिष्टान्न भंडारों का निरीक्षण, नमूना जांच के लिए भेजा

संवाददाता । आदित्यपुर

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग खाने में मिलावट को रोकने के लिए अभियान जांच अभियान चला रहा है. शनिवार की सुबह खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह ने आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मेसर्स पूजा मिठाई एवं रसोई के प्रतिष्ठान की जांच की. उन्होंने वहां बनाए जा रहे नमकीन, सेव का नमूना जांच के लिए लिया. उन्होंने सुधा के दूध में गंध, केमिकल की मिलावट से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में सुधा डेयरी का भी निरीक्षण किया.

उन्होंने दूध प्रसंस्करण की समुचित प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रयोगशाला के मानदंड को भी जांच की. प्रयोगशाला में कुल 24 मानदंडों पर दूध की गुणवत्ता को जांचा जाता है. वेजिटेबल फैट, यूरिया मेलेमाईन, स्ट्रेच, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, ग्लूकोज, कैल्शियम कार्बोनेट एवं अन्य दूध की गुणवत्ता को सत्यापित करने के लिए दूध का नमूना लेकर जांच के लिए नामकुम स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है. उन्होंने निरीक्षण के क्रम में खुदरा दुकानों को दूध का रख-रखाव एवं फ्रिज की साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया. आदित्यपुर 1 स्थित मनोज दुकान से भी सुधा दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि मिलावट से मुक्ति का अभियान जिले में लगातार चलाया जाएगा. खाद्य गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अधीन किसी भी प्रकार के गैर अनुपालन करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. खाद्य सुरक्षा विभाग से संतोष कुमार एवं कार्तिक महतो टीम में शामिल थे.





पूजा मिठाई एवं रसोई के प्रतिष्ठान व सुधा डेयरी का निरीक्षण करती खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह व टीम के अन्य सदस्य.

कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पुनः परिचालन का किया शुभारंभ

# सुरदा ताम्र खदान से उत्पादन शुरू

## क्षमता 0.4 से बढ़ाकर 0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष की जाएगी : दुबे

संवाददाता। घाटशिला

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सुरदा गांव स्थित ताम्र खदान का पुनः परिचालन का शुभारंभ शनिवार को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पूजा अर्चना के बाद माइंस के लिफ्ट का स्विच ऑन कर किया. इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड सरकार के जल संसाधन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी मंत्री रामदास सोरेन, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो भी शामिल थे. केंद्रीय खान मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर ताम्र अयस्क से लदे भारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मुसाबनी मिल के लिए रवाना किया.

सुरदा गांव के फुटबॉल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि तांबे के मामले में देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है. इसे विभिन्न करों के रूप में 100 करोड़ रुपया से अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी. यहां उत्पादन प्रारंभ होने से भारी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा. भविष्य में सुरदा खान की क्षमता को 0.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष किया जाएगा. कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 6 जनवरी 2022 को 20 वर्षों के लिए सुरदा खदान की लीज की अनुमति प्रदान की गई थी परंतु कुछ तकनीकी खमियों के कारण उत्पादन प्रारंभ नहीं हो सका. कंपनी द्वारा उन सभी तकनीकी और वैधानिक कमियों को दूर कर लिया गया है. झारखंड सरकार के खनन एवं भूगर्भ विभाग द्वारा 6 सितंबर 2024 को 20 वर्ष की लीज विस्तार के लिए पत्र जारी किया गया. इसके साथ ही लीज डीड निष्पादित हो गया.

इस मौके पर एचसीएल कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक घनश्याम शर्मा, निदेशक खनन संजीव कुमार सिंह, खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक कुमार बाजपेई ने भी संबोधित किया. आईसीसी कंपनी के इकाई प्रमुख श्याम सुंदर सेठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. वन प्रमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर सबा आलम अंसारी सहित स्थानीय ग्राम प्रधान,पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे.



माइंस के लिफ्ट का स्वीच ऑन करने के बाद खड़े केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, झारखंड के जल संसाधन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी मंत्री रामदास सोरेन, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो व अन्य.

### राखा व केंदाडीह खदान में भी एक वर्ष के भीतर शुरू होगा उत्पादन

कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड की कैबिनेट ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के राखा एवं केंदाडीह खदान दोनों के लीज विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी पारित कर दिया है . कंपनी इन खदानों को प्रारंभ करने की दिशा में आगे कदम बढ़ाएगी और एक साल की अवधि के भीतर इन खदानों से उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा . इसे आईसीसी के अयस्क उत्पादन क्षमता में तीन गुणा बढ़ोतरी होगी . राखा और केंदाडीह को चालू होने से लगभग दो हजार स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार की प्राप्ति होगी, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से लगभग दस हजार स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे .

### आदित्यपुर बस्ती के मसना हड़गडी स्थल की घेराबंदी का शिलान्यास



**आदित्यपुर** । आदित्यपुर बस्ती के मसना हड़गडी स्थल की घेराबंदी का निर्माण के लिए शनिवार की शाम जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने शिलान्यास किया. साईं कंस्ट्रक्शन द्वारा 74 लाख की लागत से घेराबंदी का निर्माण किया जा रहा है. जिला परिषद के फंड से इस मसना स्थल की करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन की घेराबंदी की जाएगी.

यह घेराबंदी नगर निगम की एसटीपी स्थल के लिए आधा एकड़ जमीन को छोड़कर की जाएगी. इस योजना को तत्कालीन मुख्यमंत्री और क्षेत्र के विधायक चंपाई सोरेन ने मंजूरी दी थी. शिलान्यास होने से आदित्यपुर बस्तीवासियों के चेहरे खिल गए. उन्होंने कहा कि बहुप्रतीक्षित योजना आज धरातल पर उतर रही है.

इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो के अलावा आदित्यपुर बस्ती आदिवासी कल्याण समिति के बबलू हायबुरु, अमर लियांगी, मधु बिरुली, संजीव हेम्ब्रम, सनातन हेम्ब्रम, डिंपल लामाय, बुदुराम मुदैय्या, डोको चाकी, दीकू राम मांझी, दुर्गा महतो, प्रकाश पूर्ति, सावन सोय आदि मौजूद रहे.

## नामोटोला में महिलाओं ने बंद करायी शराब दुकान, किया प्रदर्शन, नारेबाजी

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

परसुडीह थानान्तर्गत नामोटोला में शनिवार को स्थानीय महिलाओं ने कैनाल रोड में खुले अंग्रेजी शराब दुकान को बंद करा दिया. इस दौरान महिलाओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन किया. महिलाओं का कहना है कि यह आवासीय क्षेत्र है. अक्सर महिलाएं इस रोड से आना-जाना करती हैं. शराब दुकान पर शराबियों का जमावड़ा के साथ-साथ मनचले खड़े रहते हैं, जो आने-जाने वाली महिलाओं के साथ छेड़खानी करते हैं. हमेशा अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है. इसकी जानकारी कई बार पुलिस को दी गई. लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई. महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर यहां से शराब दुकान को बंद नहीं कराया गया तो महिलाएं खुद तालाबंदी करेंगी. जिसकी जवाबदेही पुलिस की होगी. ज्ञात हो कि शुक्रवार की शाम शराब दुकान के समीप ही अवैध शराब कारोबारी विजय साहु की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना से महिलाओं में ज्यादा गुस्सा है.



## एस टाइप मैदान के पंडाल का उद्घाटन कल

### गुजरात के सोमनाथ मंदिर की खूबसूरत आकृति बनाई जा रही

संवाददाता । आदित्यपुर

इस बार पहली पूजा से ही आदित्यपुर के प्रवीण सिंह स्मृति संस्थान के पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. यहां पंचमी और षष्ठी को अन्य सभी पंडालों का भी उद्घाटन हो जाएगा. इसके बाद चार दिनों तक यहां की सड़कों पर तिल रखने की भी जगह नहीं बचेगी. यूं तो एस टाइप के पूजा पंडाल का उद्घाटन पूजा के पहले दिन ही होना था, लेकिन मौसम के गड़बड़ मिजाज ने पंडाल के कार्य में बाधा पहुंचा दी. लिहाजा अब एस टाइप स्थित सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब के पंडाल का उद्घाटन पंचमी तिथि सोमवार को होगा. बता दें कि इस वर्ष एस टाइप दुर्गा पूजा पंडाल में गुजरात के सोमनाथ मंदिर की खूबसूरत आकृति बनाई जा रही है. करीब 100 फीट चौड़ा और 80 फीट ऊंचे पंडाल निर्माण को तैयार करने में कारीगर दिन-रात लगे हैं. बता दें कि शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा सोमनाथ का मंदिर की आकृति यहां श्रद्धालुओं को खूब लुभाएगा.



पंडाल की खूबसूरती अलौकिक होगी.

**दो माह से पंडाल निर्माण में लगे हैं मायापुर के कारीगर**

दुर्गा पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक मनोज सिंह और अध्यक्ष बबलू सिंह दिनेश ने बताया कि इस बार पूरे जमशेदपुर शहर का टॉप पंडाल यहां बनाया जा रहा है . पश्चिम बंगाल के मायापुर के कारीगर पिछले दो माह पंडाल निर्माण में लगे हैं . उन्होंने बताया कि सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब 1972 से यहां पूजा कर रही है .

त्योहार रसोई में उपयोग होने वाली सामग्री से सजाया जा रहा पंडाल

# टुईलाडुंगरी में चांदी की आभा से जगमग होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

विश्वजीत भट्ट। जमशेदपुर

श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी टुईलाडुंगरी के पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा चांदी की आभा से जगमग रहेगी. यहां पंडाल के निर्माण में कुल 22 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं. रसोई में उपयोग होने वाली स्टील की जाली, प्लास्टिक की जाली और स्टील के डिब्बे और प्लास्टिक के डिब्बे आदि से पूरा पंडाल सजाया जा रहा है. हर साल की भांति इस साल भी पूजा समिति ने कुछ नया करने की कोशिश है. यह विशाल पंडाल काल्पनिक मंदिर का प्रतिरूप होगा.

पंडाल की ऊंचाई 90 फीट और चौड़ाई 110 फीट है. पंडाल के निर्माण में पश्चिम बंगाल के 40 कुशल कारीगारों की टीम तो लगी ही हुई है, मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण में भी पश्चिम बंगाल के ही कोटाई के कारीगारों की टीम लगी है. मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण में कुल एक लाख 75 हजार रुपये खर्च हो रहे हैं.

कमेटी के मुख्य संरक्षक झारखंड सरकार के गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव, महासचिव दिनेश कुमार, लाइसेंसधारी राजा सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास राव, उपाध्यक्ष प्रशांत गिरी, राजकुमार सिंह, डॉ संजय गिरी, सुबोध श्रीवास्तव, सुनील चौधरी, सचिव भोला जग्गी, पांडे प्रधान, मीके सिंह, रंजीत गुप्ता, सतीश सिंह, आमोद सिंह, टीमा दत्ता, रतन साहू, संजय शर्मा, बलकार सिंह, हिमांशु प्रधान, राजीव प्रधान, पीतांबर सिंह, पप्पू अग्रवाल, यशवंत प्रधान, अजय प्रधान, राम सिंह, बक्शी सिंह आदि हैं.



**मेला भी आकर्षण का केंद्र**

यहां लगने वाला मेला भी आकर्षण का केंद्र रहता है . इस मेले में चार बड़े और चार छोटे झूलों के साथ कुल 35 स्टॉल लगाए गए हैं . इन स्टॉलों पर खाने-पीने की चीजें, खिलौने, गुब्बारे, श्रृंगार के सामान सहित तमाम तरह की घरेलू उपयोग की चीजें उपलब्ध रहेंगी . पंडाल का उद्घाटन चतुर्थी यानि रविवार को होगा . मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और मंत्री रामदास सोरेन बतौर अतिथि 6 अक्टूबर चतुर्थी को पंडाल का उद्घाटन करेंगे .



**सप्तमी, अष्टमी व नवमी को पंडाल में भोग वितरण**

उद्घाटन के दिन देर रात तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम कलाकार प्रस्तुत करेंगे . इसके अलावा सप्तमी, अष्टमी व नवमी को बच्चे व महिलाएं एक-एक घंटे नृत्य-गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी . सप्तमी, अष्टमी व नवमी को पंडाल में भोग वितरण तो किया ही जाएगा, यहां आने वाले भक्तों को पंडाल में बैठाकर भी भोग ग्रहण कराया जाएगा .

## न्यूज अपडेट

### उपभोक्ताओं को सौंपा बिल माफी का प्रमाण पत्र



**आदित्यपुर** । मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत शनिवार को 53 उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाणपत्र सौंपा गया. कार्यक्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार और कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद, सहायक अभियंता प्रियंकर प्रसाद, कनीय अभियंता संजय कुमार आदि मौजूद थे. आदित्यपुर विद्युत प्रमंडल कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि इस स्कीम के तहत आदित्यपुर के 10205 उपभोक्ताओं के 2 करोड़ 20 लाख रुपये के बिजली माफ हुए हैं. इस मौके पर उन्होंने सभी उपभोक्ताओं को बताया कि वे लोग अब 200 यूनिट से ज्यादा बिजली बिल के पैसे हर माह जमा करें, ताकि भविष्य में इस तरह की बिजली बिल का बोझ आपको सहना नहीं पड़े.

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की हड़ताल शुरू



**जमशेदपुर** । झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले राज्यभर की सेविका एवं सहायिका शनिवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली गईं. जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र बंद हो गये हैं. दूसरी ओर पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन से जुड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रदेश अध्यक्ष माला देवी के नेतृत्व में शनिवार को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया. इस दौरान आठ सूत्री मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की. उसके बाद मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा. माला देवी ने बताया कि राज्यभर की सेविका एवं सहायिका की मांगों से सरकार को पूर्व में अवगत करा दिया गया है. जिसके बाद आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा.

### चित्रेश्वर मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास



**बहरागोड़ा** । बहुलिया पंचायत अंतर्गत चित्रेश्वर गांव में अवस्थित पौराणिक शिव मंदिर धाम में एसके एंटरप्राइजेज द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा. मुख्य अतिथि विधायक समीर महंती ने शनिवार को नारियल फोड़ कर मंदिर सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया गया. पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद विभाग की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सौंदर्यीकरण किया जा रहा है. इस अवसर पर विधायक ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना करके क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की. ग्रामीणों ने विधायक के इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि इससे क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा. इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, रास बिहारी साउ, मनोरंजन होता, मदन मन्ना आदि उपस्थित थे.

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश



**जमशेदपुर** । स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के तहत गीता थियेटर के कलाकारों ने जुबली पार्क, चांडिल डैम और रंकिणी मंदिर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया. इस दौरान कलाकारों ने कलात्मक ढंग से दैनिक जीवन में स्वच्छता का कितना महत्व है, स्वच्छता ना रखने पर हमारे जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में प्रदर्शित किया. इस दौरान लोगों से अपील की कि पर्यटक स्थलों में जहां तहां गंदगी ना फैलाएं. जितना हो सके प्लास्टिक के प्रयोग से बचें. नुक्कड़ नाटक के बाद स्वच्छता ही सेवा के तहत कलाकारों ने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया. नुक्कड़ नाटक में गीता कुमारी, प्रेम शर्मा अंन्नत सरदार, प्रेम दीक्षित, श्रेया छतरी एवं तुषार करण ने अभिनय किया.

### साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल में काव्य प्रतियोगिता



**जमशेदपुर** । साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल, बिरसानगर जोन नं 6 बी, में शनिवार को काव्य प्रतियोगिता और दुर्गा स्तुति का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया. मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसमें विद्यालय की सचिव जयंती शांता, निर्देशक रमन, प्रबंधक शुभम, प्रधानाध्यापक रंजीत और अनिल कुमार घोष ने हिस्सा लिया. 'पृथ्वी बचाओ भविष्य बचाओ,' 'सच्ची दोस्ती,' 'मेरे शिक्षक,' 'समय,' और 'मेरा स्कूल' जैसी कविताओं के साथ ही रंगारंग नृत्य और नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. राधा-कृष्ण पर आधारित नृत्य और दुर्गा मां के नौ रूपों की प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया.

### दोमुहानी टुसू घाट नामकरण करने की मांग



**जमशेदपुर** । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के जमशेदपुर नगर अध्यक्ष रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिले के उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में खरकाई और स्वर्णरेखा के संगम स्थल का नाम सोनारी दोमुहानी टुसू घाट करने की मांग की है. इसमें कहा गया कि यहां सदियों से टुसू मेला का आयोजन होता आ रहा है. कोल्हान प्रमंडल के लोग प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के मौके पर पुण्य स्नान करते हैं. साथ ही यहां टुसू मां की प्रतिमा का विसर्जन होता है. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की ओर से इस घाट में एक द्वार बनवाया जा रहा है, जिसका पुराना सोनारी के ग्रामवासी समर्थन करते हैं. इस घाट का नामकरण सोनारी दोमुहानी टुसू घाट के नाम से किया जाये, ताकि संस्कृति बरकरार रहे.

### सांड्रा गांव में दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता



**बहरागोड़ा** । बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की सांड्रा पंचायत अंतर्गत सांड्रा गांव के फुटबॉल मैदान में शनिवार कोसांड्रा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए 24 फुटबॉल टीम ने भाग लिया. उद्घाटन के मौके पर अतिथि के तौर पर समाजसेवी सौरभ मिश्रा उपस्थित हुए. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल पर किक मार कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया.छोटा धड़ागरी फुटबॉल टीम बनाम मुड़ाकाटी एफ सी के बीच उद्घाटन मैच खेला गया. जिसमें छोटा धड़ागरी की दूधिया फुटबॉल टीम ने 2 गोल से मुड़ाकाटी एफ सी को पराजित किया.इस मौके पर अर्णव भुई, सुमंत सीट,प्रतीक सरदार,राहुल कर, डीजेन सिंह ,रंजीत पांडा, गोरा सोरेन आदि उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर 06 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 178 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र







## ब्रीफ खबर

### ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन आवेदन की कॉपी का वितरण

**जमशेदपुर ।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने शनिवार को साकची ऑटो स्टैंड में ऑटो चालकों के बीच ड्राइविंग लाइसेंस के लिए किए गए ऑनलाईन आवेदन की कॉपी का वितरण किया. मौके पर डा. अजय ने कहा कि शहर में ऑटो यातायात व्यवस्था का प्रमुख साधन है. ज्यादातर ऑटो चालक गरीब हैं. उनके पास इतना समय और पैसा भी नहीं होता है कि वो अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकें.

### बांग्ला को शास्त्रीय भाषा घोषित करने का स्वागत

**घाटशिला।** झारखंड के सभी चौबीसों जिलों के सौ से अधिक बांग्ला संगठनों के संयुक्त फोरम झारखंड बांग्लाभाशी उन्नयन समिति ने केंद्र सरकार द्वारा बांग्ला को शास्त्रीय भाषा घोषित किए जाने का स्वागत किया गया है. समिति के प्रदेश महासचिव एवं सयुक्त सचिव राजेश राय एवं तपश चटर्जी ने आज यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे देर से लिया गया एक सही फैसला बताया है.

### विवादित बयान की भीम आर्मी ने की निंदा

**जमशेदपुर ।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने महंत नरसिंहानंद के विवादित बयान की निंदा की. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने बयान को मुसलमानों के धार्मिक भावना को आहत करने वाला तथा देश का सद्भावना बिगाड़ने वाला बताया. काशिफ रजा ने कहा कि मुहम्मद साहब का नाम भाईचारा, अमन, इंसाफ और प्यार के साथ जुड़ा है. उनके ऊपर अभद्र टिपण्णी करके सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया गया है.

### बाबू लाल सोरेन ने जादूगोड़ा में बांटे झारखंडी वाद्य यंत्र

**जादूगोड़ा ।** भाजपा नेता बाबू लाल सोरेन ने शनिवार को यूसिल अस्पताल शहीद चौक पर बडेदा , धोबनी व बड़ा घाट के ग्रामीणों के बीच धमसा, ढोलक समेत अन्य झारखंडी वाद्य यंत्र वितरण किया. इस मौके पर दिलीप पातर ने कहा कि उनके पास झारखंडी वाद्य यंत्र नहीं थे, सरहुल व सोहराय बिना वाद्य यंत्रों के मनाना पड़ता था. बाबू लाल सोरेन ने उनकी भावना को समझा.

### उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र सौंपा

**पटमदा ।** बोड़ाम प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित शिविर में उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया. कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा ने बताया कि पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के 16757 उपभोक्ताओं का 21.5 करोड़ रुपये का बकाया बिल माफ हुआ है. शिविर का शुभारंभ विधायक मगंल कालिंदी के हाथों कुछ उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया.

### चिरकुंडा के सीआईएसएफ कैंप में जवान ने लगाई फांसी

**धनबाद ।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह स्थित सीआईएसफ कैंप में शनिवार को 24 वर्षीय जवान आकाश कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उसका शव पंखे से लटकता पाया गया. आकाश पंजाब के पठानकोट का रहने वाला था. वह एक माह पहले ही ट्रांसफर होकर लायकडीह आया था. पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया.

### आरयू कैंपस में सिंथेटिक वॉलीबॉल कोर्ट तैयार

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय कैंपस में सैंड कोर्ट कि जगह सिंथेटिक वॉलीबॉल कोर्ट ने ले ली है. लगभग 28 लाख रुपए की लागत से छह महीनों में सिंथेटिक वॉलीबॉल कोर्ट तैयार किया गया है. सिंथेटिक ट्रैक बिछाने में 11 लेयर का रबर लगाया गया है. वहीं गैल और पवेलियन की रिपेयरिंग का काम भी अभी जारी है. काम पूरा होने के बाद सिंथेटिक कोर्ट को विश्वविद्यालय प्रशासन को हैंडओवर करने की प्रक्रिया की जाएगी.



घाटशिला के गोपालपुर स्थित किडजी प्रीस्कूल में शनिवार को बच्चों ने नवरात्रि के मौके पर महिषासुर मर्दिनी पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें माता के नौ रूपों को दिखाया गया.

## सोन मंडप में विधायक सरयू राय ने किया सामूहिक शिलान्यास व उद्घाटन

# जमशेदपुर पूर्वी में 32 योजनाओं पर खर्च होंगे 6.13 करोड़

- बिरसानगर में 3.80 लाख की लागत से बने साइकिल स्टैंड का उद्घाटन

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को नगर विकास विभाग के मद से 6 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक की लागत के 32 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया. कार्यक्रम सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप में आयोजित हुआ. जिसमें जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे. योजनाओं में चौरसिया समाज, पानतांती समाज और आदिवासी गौंड समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण, भुइयांडीह धोबीघाट में रजक समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण, टुईलाडुंगरी स्थित बुढ़िया माई मंदिर परिसर में एक हॉल का निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन, गोलमुरी देशाउली में चहारदीवारी का निर्माण के साथ ही पूर्वी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और नाली आदि के निर्माण की योजनाएं शामिल हैं. शिलान्यास के बाद श्री राय ने विधायक निधि से 3 लाख 80 हजार रुपये की लागत से निर्माण हुए बिरसानगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में छात्रों के लिए साइकिल स्टैंड का भी उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की मांग पर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों कार्य हुए हैं. आगे भी निरंतर कार्य होते रहेंगे.

मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, मंजू सिंह के साथ भाजमो कार्यकर्ता एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद थे.



नारियल फोड़कर योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक सरयू राय.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा में सेंध, मची अफरा-तफरी

# एमजीएम के जूनियर डॉक्टरों ने रोका सीएम का काफिला

## जर्जर हॉस्टल की मरम्मत व सीनियर छात्रों से अलग रखने की मांग

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शनिवार को विरोध का सामना करना पड़ा. एमजीएम मेडिकल कॉलेज में बने नवनिर्मित भवन में ओपीडी का उद्घाटन करने जा रहे मुख्यमंत्री के काफिले को वहां पढ़ाई कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने रोक दिया. इस दौरान अफरा-तफरी मच गई. पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को इसका तनिक भी भान नहीं था कि मुख्यमंत्री का यहां विरोध होगा. लेकिन पूर्व से तैयारी कर चुके जूनियर डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर सीएम का काफिला रोक दिया. मुख्यमंत्री की गाड़ी रूकते ही अधिकारियों ने उन्हें घेर लिया.

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों को बुलाकर उनसे बात की तथा उनकी मांगों से अवगत हुए. जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे जिस हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं. वह इंसान के रहने लायक नहीं हैं. हॉस्टल पूरी तरह जर्जर हो चुका है. यहां अक्सर सीनियर छात्र जूनियर के साथ भेदभाव करते हैं. प्रताड़ित करते हैं. कई बार मामला कॉलेज प्रबंधन के संज्ञान में लाया गया. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती हैं. जूनियर डॉक्टरों ने अपने लिए अलग हॉस्टल के साथ-साथ पढ़ाई का अलग कैंपस देने की मांग की. मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना तथा कार्रवाई का आश्वासन दिया. जिसके बाद उनके काफिले से जूनियर डॉक्टर हटे.

इससे पहले मुख्यमंत्री का काफिला ज्योंहिं बालीगुमा मैदान से एमजीएम मेडिकल कॉलेज में प्रवेश किया. जूनियर डॉक्टरों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी शुरू कर दी. नारेबाजी देखकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए. हालांकि किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली. मुख्यमंत्री ने नए अस्पताल में ओपीडी सेवा का शुभारंभ किया. साथ ही अस्पताल में घूम घूमकर निर्माण कार्य देखा. इस दौरान अस्पताल परिसर एवं उनके कारकेड में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, विधायक मंगल कालिंदी समेत तमाम वरीय नेता और पदाधिकारी मौजूद थे.



मुख्यमंत्री के काफिले के सामने नारेबाजी करते जूनियर डॉक्टर.

### इधर एलबीएसएम में छात्र संघ ने प्रशासनिक भवन में जड़ा ताला, धरना पर बैठे, नारेबाजी की

**जमशेदपुर |** एलबीएसएम कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों का शनिवार को गुस्सा फूट पड़ा. स्नात्कोत्तर की पढ़ाई की मांग को लेकर छात्रों ने कॉलेज के प्रशासनिक भवन का गेट बंद कर दिया. इस दौरान भवन के बाहर धरना पर बैठकर छात्रों ने कोल्हान विश्वविद्यालय एवं कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. छात्र चालू सत्र (202-25) से इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की प्रारंभ करने की मांग कर रहे थे. छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए प्राचार्य डॉ. बीएन. प्रसाद ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, फिर भी छात्रों ने अपनी ही मांगों पर अडिग रहे. अन्ततः प्राचार्य ने छात्रों को यह आश्वस्त किया कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के साथ सदैव खड़ा है. महाविद्यालय प्रशासन भी चहता है कि यहां स्नात्कोत्तर की पढ़ाई हो. इसके लिए जल्द जरूरी कदम उठाए जाएंगे. प्राचार्य के आश्वासन के पश्चात् 6 घंटे बाद आंदोलन को स्थगित किया. छात्र नेता सूकरा हो ने कहा कि यदि सत्र 2024-25 से पढ़ाई प्रारंभ नहीं होती है ती उग्र आन्दोलन किया जाएगा. इस दौरान जरूरत पड़ी तो कॉलेज में अनिश्चितकालीन कॉलेज बंदी की जाएगी. छात्र नेता प्रभाष हांसदा ने बताया कि एलबीएसएम कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए बरदान है. लेकिन यहां सभी विषयों की पढ़ाई नहीं होती हैं. साथ ही स्नात्कोत्तर की पढ़ाई के लिए छात्रों को दूसरे कॉलेज में दाखिला लेना पड़ता है. इसलिए छात्रों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विश्व विद्यालय प्रशासन की ओर से यहां जल्द से जल्द स्नात्कोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करानी चाहिए. छात्र नेता, आनंद बेसरा ने कहा कि शनिवार को सांकेतिक धरना प्रदर्शन था. जरूरत पड़ेगी तो उग्र आन्दोलन के लिए विवश होंगे. इससे पहले प्रशासनिक भवन का गेट बंद होने से कार्यालय कक्षाओं में मौजूद प्राध्यापक भवन में नहीं जा पाए. कार्यालय में मौजूद प्राध्यापक एवं अन्य शिक्षकेतर कर्मी भी बाहर नहीं निकल पाए. लगभग छह घंटे तक गेट बंद रहा. प्रदर्शन में मुगलू हांसदा, प्रभाष हांसदा, आनंद बेसरा, परमेश परमेश्वर मुर्मू, धरमाल सोरेन, सालू मुर्मू, मानस सरदार समेत अन्य छात्र शामिल रहे.



# धोलाडीह के जंगल पहुंचा तीन हाथियों का दल

**संवाददाता। जादूगोड़ा**



मुसाबनी होते हुए तीन हाथियों का झुंड जमशेदपुर व पोटका प्रखंड की सीमा पर स्थित धोलाडीह के जंगल में डेरा जमाए हुए है. पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर थाना क्षेत्र के तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे गांव धोलाडीह व कुदादा के जंगल में हाथियों के प्रवेश की खबर के बाद पोटका व जमशेदपुर प्रखंड के ग्रामीण डरे हुए हैं. बताया जाता है कि तीन हाथियों के झुंड में एक बच्चा भी शामिल है.

इस बीच, हाथियों को भगाने व ग्रामीणों की जानमाल की रक्षा को लेकर जादूगोड़ा को फॉरेस्ट हार्ड किशोर सोरेन, सौरभ वासुरी, सुमन कुमार, निवास हेंब्रम समेत चाकुलिया की क्यूआरटी जुटी हुई है. देर शाम इन हाथियों को खदेड़कर दलमा के जंगल में पहुंचाने के अभियान को वन विभाग अंजाम देगा. समाचार लिखे जाने तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है. हाथियों का यह झुंड धालभूमगढ़ के जंगलों से भटककर मुसाबनी से पोटका प्रखंड क्षेत्र के पांडूडीह, सोहदा ,धीरोल होते हुए जमशेदपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में प्रवेश कर गया है.

### अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से 2 की मौत

**धनबाद ।** ईसीएल की बरमुड़ी कोलियरी में शनिवार की सुबह करीब 5 बजे अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई. आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर है. उसका पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घायलों का इलाज गुपचुप तरीके से कराया जा रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोजाना की तरह दर्जनों लोग अहले सुबह कोयला के अवैध खनन के लिए खदान में घुसे थे. करीब पांच बजे जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई. मलबे से घायलों को निकाला गया, जिसमें मैथन के पोड़ाडीह गांव निवासी युवक दीपक बाउरी व डीजे बाउरी की मौत हो चुकी थी.



**रांची की राम लल्ला दुर्गा पूजा समिति का पंडाल**

**पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति**

रांची में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बने पूजा पंडाल का झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को उद्घाटन किया.

# बन्ना ने 154 योजनाओं का किया शिलान्यास

- जमशेदपुर पश्चिमी विस में क्रियान्वित होंगी योजनाएं

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को 154 योजनाओं का शिलान्यास किया. सभी योजनाएं नगर विकास एवं 15 वें वित्त आयोग मद से 29.36 करोड़ रुपये राशि से क्रियान्वित होंगी. जिसमें सड़क, नाली, कलवर्ट, पेवर्स ब्लॉक पथ, शौचालय निर्माण आदि से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं. मौके पर मंत्री ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका संकल्प हैं. बिजली पानी के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी नागरिकों को मिले इसके लिए स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं. शिलान्यास के मौके पर मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त अरविंद प्रसाद अग्रवाल, सहायक अभियंता मयंक शेखर मिश्रा, संतोष कुमार, कनीय अभियंता अभय कुमार एवं विनय कुमार,जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार,एसडीओ संजय कुमार, एई सचिन झा, जेई जियाउल हक, एमएनएसी के विधायक प्रतिनिधि मनोज झा, जेएनएसी के प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी, माजिद अख्तर, अमित कुमार, देबाशीष (छोटू), आगेस्टिंग विल्सन, धनु महतो, तुला दा, बबन शुक्ला, राजेश रजक, बिशु दा, इरशाद हैदर, सोंटी रजक, जितेंद्र सिंह, जयप्रकाश साहू, नितेश पोद्दार सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.



## राजनीति बाबूलाल मरांडी ने कहा - इस बार का चुनाव झारखंड को बचाने के लिए

# 5 अक्टूबर, 5 बजे शाम, झारखंड भाजपा ने जारी किए 5 प्रण

**संवाददाता। रांची**

झारखंड बीजेपी ने पांच तारीख को शाम पांच बजे पांच प्रण जारी किये. पांच प्रण जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसी भी दिन चुनाव की घोषणा हो सकती है. झारखंड को बचाने लिए यह चुनाव है. उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं.

बाबूलाल मरांडी ने योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण के लिए संसद में रिजर्वेशन बिल पारित किया गया. पीएम सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत की गई. मुफ्त गैस उपलब्ध कराया गया. मां बहनों के लिए स्वास्थ्य भारत अभियान चलाया जा रहा है. प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना और लखपति दीदी योजना चल रही है. तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया गया. जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाता खोला गया. सरकारी महिला कर्मचारी को 36 सप्ताह का मातृत्व अवकाश को मंजूरी दी गई. पांच प्रण जारी करते समय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मौजूद थे.




रांची में भाजपा के पांच प्रण जारी करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता.

### नौकरी सिर्फ झारखंडवासियों कोः हिमंता

असम के सीएम सह बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर सिर्फ झारखंड वासियों को ही नौकरी दी जाएगी. गोगो दीदी योजना मध्यप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में चल रही है. किसी से छिपाकर फॉर्म नहीं भरवाया जा रहा है. यह भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा. हिमंता ने कहा कि अभी पांच प्रण जारी किए गए हैं. बिरसा मुंडा की जयंती पर 150 प्वाइंट का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा.

### इस तरह समझिए बीजेपी के पांच प्रण

1. **गोगो दीदी योजना :** भाजपा की सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना के तहत हर महिलाओं को प्रत्येक महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये दिए जाएंगे.
2. **सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर :** भाजपा की सरकार बनने पर सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे. साथ ही साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा.
3. **सरकारी विभागों के 2.87 रिक्त पद भरे जाएंगे :** भाजपा सरकार बनते ही सरकारी विभागों में 2.87 लाख रिक्त पद भरे जाएंगे. पहली कैबिनेट से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. नवंबर 2025 तक डेढ़ लाख सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. इसके लिए वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा. एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे.
4. **युवा साथी योजना :** इस योजना के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर पास विद्यार्थियों को दो साल तक हर महीने दो हजार रुपये दिए जाएंगे.
5. **सभी को पक्का मकान :** भाजपा की सरकार बनने पर 21 लाख लोगों को पीएम आवास योजना के तहत आवास सुनिश्चित कराया जाएगा. मकान बनाने के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराया जाएगा.

# आरआईटी क्षेत्र के अवैध शराब अड्डों पर उत्पाद विभाग का छापा

## 450 किलो जावा किया नष्ट, 20 लीटर महुआ शराब जब्त



**संवाददाता। आदित्यपुर**

आरआईटी थाना क्षेत्र के अवैध महुआ शराब के अड्डों पर शनिवार को सरायकेला उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी के निर्देश पर छापेमारी की गई. आबकारी विभाग ने आरआईटी थाना अंतर्गत भूआ के जंगल के साथ गम्हरिया थाना अंतर्गत मुर्गा घुटटू में भी शराब के अड्डों पर छापेमारी की. इस दोनों जगहों की कार्रवाई में 450 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया है साथ ही 20 लीटर तैयार महुआ शराब को जब्त किया गया है. उत्पाद विभाग के अनुसार उन्हें इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि भूआ जंगल और मुर्गा घुट्टू के ठिकानों में दारू माफियाओं द्वारा अवैध शराब की भट्टी संचालित किया जा रहा है. इस सूचना के बाद उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापेमारी की गई है. वहीं संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है. छापामारी के दौरान संचालक मौके से फरार हो गए हैं.

### जगन्नाथपुर में कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी

# जगन्नाथपुर में विधायक ने भीड़ जुटाकर कोड़ा दम्पती को दिखाई ताकत

- मंत्री ने जनता से सोनाराम को जिताने की अपील की

संवाददाता | किरीबुरु

जगन्नाथपुर में शनिवार को कांग्रेस ने प्रखंड स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया. इसमें ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी भी पहुंचे. उन्होंने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने किसान का बेटा, भाई, दोस्त सोनाराम को भारी मतों से जीत दिलाएं. हमलोग आपके सोना को मंत्री बनाने का वादा करते हैं. झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन के अगुवाई में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है. भाजपा कुछ भी कर ले, सत्ता नहीं मिलने वाली है. मंत्री ने यहां तक कह डाला कि हेमंत हैं तो हिम्मत है. उन्होंने कोड़ा दंपती पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के पास सिर्फ कोड़ा रह जाएगा, मधु गायब हो जाएगा. संथाल में सीता और कोल्हान में गीता का हश्र लोकसभा में भाजपा देख चुकी है. प्रदेश अध्यक्ष ने भी सोनाराम सिंकु को जिताने की अपील जनता से की. विधायक सोनाराम ने कहा कि मैं एक आंदोलनकारी हूं, किसान का बेटा हूं, मैं किसी से न डरता हूं, न ही किसी के आगे झुकता हूं. हां मैं यह मानता हूं कि मेरे पास धन-बल नहीं है, पूंजीपति लोग नहीं हैं, लेकिन मेरे पास जनता का आशीर्वाद है. इस कार्यक्रम में मधु कोड़ा के परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम से अधिक भीड़ जुटा कर विधायक ने कोड़ा दंपती को खुले रूप से विधानसभा चुनाव में दो-दो हाथ करने की चुनौती दे दी है. इस कार्यक्रम को सफल बना कर विधायक ने अपने सारे विरोधियों का मुंह बन्द कर दिया है. दूसरी तरफ कांग्रेस के मंत्री व बडे. नेताओं द्वारा सोनाराम को जिताने का आह्वान जनता से करने से स्पष्ट हो गया है कि सोनाराम का टिकट पक्का है. सोनाराम ने भी इस कार्यक्रम के माध्यम से भारी भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन किया. सारंडा व कोल्हान जंगल के दूर-दराज गांवों से भारी तादाद में ग्रामीण बस व छोटे वाहनों में भर-भर कर कार्यक्रम में पहुंचे.





मंत्री इरफान अंसारी, विधायक सोनाराम सिंकु को माला पहनाते कार्यकर्ता और मंच पर विधायक का हाथ पकड़ लोगों से उन्हें जिताने की अपील करते मंत्री.

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से मिले डॉ दिनेश चंद्र बोयपाई

संवाददाता | गोइलकेरा

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो से युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र बोयपाई के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की. इस अवसर दिनेश चंद्र बोयपाई ने प्रदेश अध्यक्ष से निवेदन किया कि इस बार मनोहरपुर विधानसभा से कांग्रेस को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाना चाहिए. युवा कांग्रेस की टीम ने मनोहरपुर विधानसभा के हर पंचायत का दौरा किया है और लोगों का काफी समर्थन मिल रहा है.

बूथ कमिटी 80 प्रतिशत बन गई है. यदि संगठन से युवा कांग्रेस को चुनाव में प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेवारी मिलती है तो युवा कांग्रेस हर जिम्मेवारी निभाने को तैयार है. मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रीतम बंकिरा, सोनुवा प्रखंड अध्यक्ष राहुल पूर्ति, गोइलकेरा प्रखंड अध्यक्ष उदय चेरवा, बाल सिल्वेस्टर कोड़ा ब्रज जॉन हेम्ब्रम, राजेंद्र बंदिया समेत अन्य मौजूद थे.



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से मिलते करते डॉ दिनेश चंद्र बोयपाई

## ब्रीफ खबरें

### बहदा गांव में भारी वाहनों का परिचालन ग्रामीणों ने रोका

**किरीबुरु ।** बहदा के ग्रामीणों ने गांव की सड़क से बालू लेकर गुजर रहे हाइवा वाहन को रोक दिया. ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क लंबे संघर्ष व आंदोलन के बाद पहली बार बना है. इससे पहले हम सभी कीचड़ व दलदल भरी सड़क से ही गुजरते थे. बरसात में बहदा गांव टापू में तब्दील हो जाता था. लेकिन जब सड़क बन गया तो अब इसी रास्ते सारंडा के कोलाईबुरु सड़क का निर्माण के लिए बालू की ढुलाई हो रही है. छोटानागरा के रास्ते ठेकेदार वाहनों को ले जायें. इस मार्ग से भारी वाहनों को नहीं जाने देंगे.

### केवी मेघाहातुबुरु में पीटीए की हुई बैठक

**किरीबुरु ।** केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में प्राचार्य डा आशीष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक (पीटीए) की विशेष बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में लगभग 80 फीसदी अभिभावक उपस्थित थे. बैठक में बच्चों की शैक्षणिक स्थिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपलब्धता, विद्यालय से संबंधित समस्याएं आदि तमाम छोटे-बड़े मामलों को लेकर चर्चा हुई. प्राचार्य ने 10वीं व 12वीं बोर्ड से संबंधित परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को जरुरी निर्देश दिये.

### जनता को गुमराह करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दें : मंत्री

**चक्रधरपुर ।** चाईबासा विधानसभा क्षेत्र मेंलगातार झामुमो की ओर से पंचायत स्तरीय बैठक की जा रही है. शनिवार को टोंटो प्रखंड के बामेबासा एवं पूरनापानी पंचायत में झामुमो पंचायत स्तरीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा भी शामिल हुए. कार्यक्रम में वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा चलाए जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया. मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना समेत अन्य कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं. अन्य राज्यों से आकर भाजपा के नेताओं ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जानकारी योजनाओं का गलत प्रचार कर लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं. इसका मुंहतोड़ जवाब हर कार्यकर्ता को देना होगा. मंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए लड़ना होगा.

### डीएसई से उर्दू विद्यालयों में अवकाश देने की अपील

**चक्रधरपुर ।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ एवं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने पश्चिमी सिंहभूम जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को दो अलग-अलग आवेदन देकर उर्दू विद्यालयों में स्थानीय अवकाश की स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शमशेर आलम एवं सचिव अहमद जमाल ने बताया कि वर्ष 2024 में पूरे राज्य के लिए समान अवकाश तालिका जारी की गई है. सामान्य विद्यालयों में रविवार को और उर्दू विद्यालयों में शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण 9 ऐसे अवकाश पूरे साल में थे, जो शुक्रवार को पड़ा. घोषित 60 दिनों का अवकाश के स्थान पर मात्र 51 अवकाश ही उर्दू विद्यालयों को मिला. डीएसई को मेमोरेंडम सौंप कर 3 दिनों का अवकाश स्वीकृत करने की अपील की गई है.

### डीसी व एसपी ने दुर्गापूजा व दशहरा को लेकर की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# पूजा पंडालों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

- सोशल मीडिया पर रखी जाएगी विशेष नजर
- पंडालों में प्रवेश व निकास द्वार का निर्माण आवश्यक
- सोशल मीडिया पर रखी जाएगी विशेष नजर

संवाददाता | चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त (डीसी) कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में दुर्गा पूजा और दशहरा के दौरान पूरे क्षेत्र में बेहतर और व्यवस्थित विधि-व्यवस्था पर चर्चा की गई.

बैठक में डीसी ने कहा कि अधिकारी दुर्गा पूजा पंडालों और विसर्जन मार्गों का नियमित अवलोकन करेंगे. इस दौरान पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे. अग्निशमन की व्यवस्था रहेगी. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंडाल और विसर्जन घाट पर पूजा कमेटी की ओर से पहचान पत्र सहित स्वयंसेवक तैनात रहेंगे. पंडाल में प्रवेश एवं निकास द्वार का निर्माण पूजा कमेटी करेगी. इसके अलावा पूजा समितियां राज्य मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगी, क्या करें, क्या ना करें की सूची का लगाएंगे. सभी आयोजकों व डीजे संचालक की सूची (संपर्क सूत्र सहित) जिला कार्यालय में जमा करेंगे. दशहरा पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर प्रचारित होने वाले संदेशों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी. जिला सहित अनुमंडल मुख्यालयों में कंट्रोल रूम का सुचारू रूप से संचालन करने, सभी क्षेत्रीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी को क्षेत्र अंतर्गत जुलूस एवं विसर्जन मार्ग का भौतिक सत्यापन करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिया गया है.



चाईबासा में दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी.

### सिविल सर्जन मेडिकल टीम का गठन करेंगे

इसके अलावा सिविल सर्जन को सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन व्यवस्था के लिए मेडिकल टीम का गठन करने, स्वास्थ्य केंद्र पर मेडिकल ऑफिसर और कर्मियों को रोस्टर वाइज प्रतिनियुक्त करने तथा आपात स्थिति में एंबुलेंस सेवा को सुचारू बनाए रखने का निर्देश दिया गया है. बैठक में अपर उपायुक्त प्रवीण केरकट्टा, सिविल सर्जन डॉ. सुदीप्तो माझी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार एक्का, पथ निर्माण विभाग, विद्युत प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, चाईबासा, चक्रधरपुर नगर परिषद के प्रशासक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित आदि उपस्थित थे.

### निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निर्देश

बैठक में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को सतर्कता के साथ विद्युत आपूर्ति करने, किसी भी आपात सेवा के लिए प्रमंडल क्षेत्र में कंट्रोल रूम संचालित कर त्वरित समस्याओं का निदान करने, पंडाल की विद्युत व्यवस्था का पूर्व से ही अनुसंधान करने और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चाईबासा, चक्रधरपुर को जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के अलावा पाइपलाइन के लिकेज को ठीक करने का निर्देश दिया गया है. चाईबासा-चक्रधरपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने, विशेष तौर से विसर्जन मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने और पानी का टैंकर की व्यवस्था तथा पूजा पंडाल में किए गए अग्निरोधी व्यवस्था का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है.

## न्यूज अपडेट

### बहदा में स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चे पी रहे दूषित पानी



**किरीबुरु ।** बहदा गांव स्थित स्कूल का सोलर चालित जलमीनार और आंगनबाड़ी केन्द्र के पास स्थित चापाकल 10 महीना से खराब है. यहां पढ़ने वाले बच्चों को पानी पीने और मध्याह्न भोजन बनाने के लिये परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बीच टोला में उक्त स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र है. इसी जलमीनार व चापाकल के पानी का इस्तेमाल बच्चे पीने, खाना बनाने, शौच व हाथ धोने आदि कार्यों के लिये करते थे. यहां से ग्रामीण भी पानी भरते थे, क्योंकि दूसरा कोई और पानी की सुविधा नहीं है. अब पानी के लिये सभी को नदी-नाला में जाना पड़ रहा है. यहां का दूषित पानी पीने को बच्चे व ग्रामीण मजबूर हैं.

### बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना मुख्य उद्देश्य : सुनीता राय



**किरीबुरु ।** अधिशासी महिला समिति, किरीबुरु ने अध्यक्ष सुनीता राय के नेतृत्व में 5 अक्टूबर को ऑफिसर्स क्लब किरीबुरु में सम्मान समारोह का आयोजन किया. इसमें सेल द्वारा संचालित सारंडा सुवन छात्रावास में रहकर पढ़ने वाले सारंडा के गरीब बच्चों के बीच सामग्रियों का वितरण किया गया. इस दौरान बच्चों को जूता, कपड़ा एवं मिठाइयों का पैकेट दिया गया. सुनीता राय ने कहा कि महिला समिति, किरीबुरु की महिलाएं आपसी सहयोग से एक फंड संग्रह करती हैं. इस फंड से गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग किया जाता है. बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है. कार्यक्रम में समिति की सचिव स्वागता लोहार, संयुक्त सचिव इप्सिता सेठी व विभा कुमारी, सांस्कृतिक सचिव चन्द्र मल्लिका आदि मौजूद थीं.

### चांडिल में सुखराम हेम्ब्रम ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**चांडिल ।** झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम ने शनिवार को चांडिल प्रखंड अंतर्गत खुदियाडीह, बड़डीह समेत अन्य कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने ग्रामीणों से बात की और उनकी समस्याओं को जाना. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक मुहिम सुख, शांति, समृद्धि, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है. जहां तक संभव हो रहा है निजी स्तर पर समस्याओं का समाधान भी कराया जा रहा है. मौके पर डोमन बास्के, कर्मू मार्डी, सुदामा बास्के, सरस्वती बास्के, अनिल बास्के, मोतीलाल उरांव, सोमचांद मांझी, मंगल सोरेन, अजित आदि मौजूद थे.

### गुवा बाजार क्षेत्र में टैंकर से भेजा जा रहा है पानी



**किरीबुरु ।** सेल की गुवा बाजार क्षेत्र में 4 और 5 अक्टूबर को दो दिन पेयजल आपूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों के सामने पेयजल समस्या बढ़ गई है. हालांकि सेल प्रबंधन मानव संसाधन विभाग के सहायक महाप्रबंधक अमित तिर्की द्वारा इससे संबंधित नोटिस पहले ही जारी कर दिया गया था. बताया जा रहा है कि कहीं पाइप लाइन फट गया अथवा उसमें खराबी आ गई है, जिसका मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है. दूसरी तरफ पानी की समस्या को देखते हुये मजदूर नेता रामा पांडेय ने गुवा प्रबंधन को फोन कर बाजार क्षेत्र में पानी टैंकर भेजने का आग्रह किया. इसके बाद प्रबंधन शुक्रवार की रात टैंकर भेजा, जिससे लोग पानी भरते नजर आये. आज भी टैंकर से ही पानी भेजा जायेगा.

# बोनस के लिए गुवा जेनरल ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन



जेनरल ऑफिस के सामने प्रदर्शन करते यूनियन के नेता.

संवाददाता | किरीबुरु

बीएमएस, एचएमएस, इंटक एवं जेएमयू मजदूर संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शनिवार को सेल, गुवा खदान के जेनरल ऑफिस गेट के सामने सेल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया. इसके बाद संयुक्त मोर्चा ने एक मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा. मांग पत्र में कहा गया है कि सेल के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को एएसपीएलआईएस राशि की भुगतान के संबंध में आईएसपी एचआर-सीएफ विभाग द्वारा तीन अक्टूबर को बोनस संबंधित एक पत्र जारी किया गया है. सेल प्रबंधन के इस तरह के अहंकारी व्यवहार का एकजुटता से विरोध करते हैं. वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए बोनस को अंतिम रूप देने के संबंध में एनजेसीएस की बैठक एक अक्टूबर को हुई थी. सेल प्रबंधन के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक विफल रही. इसके बावजूद सेल प्रबंधन द्वारा इस तरह का पत्र जारी करने का एकतरफा निर्णय हमें स्वीकार्य नहीं है. आईएसपी प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई से यूनियनों तथा सेल प्रबंधन के बीच के संबंधों में भारी व्यवधान उत्पन्न हो सकता है. यह अहंकारी कृत्य हमारे नेतृत्व में सेल की खदानों में बनाए गए आईआर को नष्ट कर देगा. उत्पादन को बाधित कर सकता है तथा उत्पादन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले कर्मचारियों का मनोबल गिरा सकता है. यदि बीएसएल में ऐसा होता है तो हम अपने अधिकारों की रक्षा के लिए चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे.

# पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ का दो दिवसीय अंपायर कार्यशाला शुरू

संवाददाता | चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में शनिवार से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम के एसआर रुंगटा पैवेलियन में जिला के अंपायरों की दक्षता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. कार्यशाला का उद्घाटन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेशक अतुल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि 25 अक्टूबर को जिला अंपायर सब कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से जिले के अंपायरों के स्तर को और ऊंचा करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का प्रस्ताव पारित किया गया था. जिसे जिला क्रिकेट संघ ने स्वीकार कर 5 एवं 6 अक्टूबर को कराने का निर्णय लिया है.

इस कार्यशाला में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा धनबाद के बीसीसीआई लेबल वन के अंपायर धर्मेंद्र कुमार एवं नीरज कुमार पाठक को चाईबासा भेजा गया है, जो यहां आकर अंपायरों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत करा रहे हैं. इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 20 अंपायर भाग ले रहे हैं. दो दिवसीय कार्यशाला का समापन 6 अक्टूबर रविवार को होगा. यहां अंपायरों को मैदान ले जाकर मैच की परिस्थिति एवं व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया जाएगा.

इससे पूर्व कार्यशाला में मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव ओम प्रकाश गुप्ता ने, दोनों प्रशिक्षकों का स्वागत अंपायर सब कमिटी के चेयरमैन जयंत श्रीवास्तव एवं स्कोरर संदीप रॉय ने किया.

मुख्य अतिथि ने सभी भाग ले रहे अंपायरों को इस कार्यशाला से लाभ लेने तथा क्रिकेट के नियमों की बारीकियों को सीखने की सलाह दी, ताकि मैदान पर उनसे कम से कम गलती हो. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैचों की तरह आपके पास सहयोग के लिए तीसरे अंपायर या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तो नहीं हैं. वावजूद इसके आप अपने अनुभव एवं निरंतरता से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो काबिले तारीफ है. उन्होने चाईबासा में बिताए गए अपने बचपन एवं उस समय खेले गए अपने क्रिकेट की यादों को भी साझा किया.



पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ की बैठक में शामिल अतिथि.

### दुर्गोत्सव चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम, चारों ओर भक्ति का माहौल और भक्तों में उत्साह व उमंग

# नवरात्रि को लेकर भक्तों में उत्साह, तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की पूजा



नवरात्र के तीसरे दिन देवी दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना करती महिलाएं.

संवाददाता | चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की धूम मची है. चारों ओर भक्ति का माहौल है. भक्तों में उत्साह और उमंग है.

नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देवी दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई. चौका में सार्वजनिक श्रीश्री नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित दुर्गोत्सव में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है. इसी क्रम में शनिवार को नवरात्रि के तीसरे दिन देवी दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई. इसके लिए सुबह मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में भक्त शामिल हुए. मंदिर में कलश स्थापना के बाद देवी की आराधना शुरू की गई. मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ चंडीपाठ भी किया जा रहा है.

### अनुमंडल क्षेत्र में 97 स्थानों पर हो रही दुर्गा पूजा

चांडिल अनुमंडल में धूमधाम के साथ शारदीय नवरात्र पर दुर्गोत्सव मनाया जाता है. अनुमंडल क्षेत्र के कुल 97 स्थानों में दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है. अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर मनाए जाने वाले दुर्गोत्सव को लेकर तैयारी जोरों पर है. पूजा आयोजन समिति की ओर से मंदिरों को सजाने-संवारने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है. मंदिरों का रंग-रोगन कर उसे सुंदर और आकर्षक रूप दिया जा रहा है. वहीं अनुमंडल क्षेत्र में बनाए जाने वाले पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इसके साथ ही मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को भव्यता देने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. चांडिल, ईचागढ़, नीमडीह व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में नवरात्रि के छठे दिन महाषष्ठी से देवी की पूजा-अर्चना शुरू होगी. चार दिनों तक होने वाली पूजा को लेकर क्षेत्र में उल्लास का माहौल है.

# केवी में क्विज और प्रोजेक्ट प्लस टू विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता

संवाददाता | किरीबुरु

प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को वन एवं न्य जीवों का संरक्षण विषय पर चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का आयोजन वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत ससंगदा प्रक्षेत्र, किरीबुरु के वनकर्मियों ने किया था. प्रतियोगिता में कुल 31 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इसी कार्यक्रम के तहत केंद्रीय विद्यालय (केवी), मेघाहातुबुरु में भी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें 5 ग्रुप, कोइना, कारो, कोयल, शौर्य व आइवरी नाम से ग्रुप बनाया गया था.

यह प्रतियोगिता बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी व ज्ञानवर्धक था. प्रतियोगिता के विजेताओं को 7 अक्टूबर को वन्य प्राणी सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारंडा द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा. यह कार्यक्रम सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निर्देशानुसार 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाने वाला वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर आयोजित किया गया था. वन क्षेत्र के पदाधिकारी शंकर भगत ने बताया कि वन्यप्राणियों व पर्यावरण की रक्षा को लेकर आठ अक्टूबर तक सारंडा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता, गांवों व स्कूलों में अन्य जागरुकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण आदि अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. इस दौरान शंकर पांडेय, मोनिका पूर्ति, शालिनी कन्डुलना, संगीता लकड़ा, सुनील सुन्डी, विजेन्द्र तामसोय, अमृत सुन्डी, बासुदेव आदि मौजूद थे.

